आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

सरकार – जनगणना

केंद्र सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जनगणना के लिए संदर्भ तिथि पहली मार्च 2027 होगी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू कश्मीर के बर्फीले इलाकों तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड पर यह तारीख लागू नहीं होगी। लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्तूबर 2026 से कराई जाएगी। यह भारत की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी और देश के स्वतंत्र होने के बाद आठवीं जनगणना होगी।

मुख्यमंत्री दौरा

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज ऊना विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने ऊनाउ में स्कूल व कॉलेज नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया और कॉलेज प्रांगण में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने इस मौके पर ऊना में प्रदेश का पहला सरकारी सीबीएसई स्कूल खोलने का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि वह केंद्र से हिमाचल को मिलने वाले अधिकारों को रूकवा रही है। मुख्यमंत्री ने अपने दौरे के दौरान ऊना विधानसभा क्षेत्र में 25 करोड़ रूपए से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए।

जमानत याचिका

विमल नेगी मौत मामले को लेकर आज प्रदेश उच्च न्यायालय में आई.एस. अधिकारी हरिकेश मीणा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने 14 जुलाई तक हरिकेश मीणा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने सीबीआई को भी विमल नेगी मौत मामलेें में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है और 14 जुलाई को ये रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सी.बी.आई. ने अदालत से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 सप्ताह का समय मांगा था। सी.बी.आई. को पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने विमल नेगी मौत मामले में पार्टी बनने के लिए एप्लिकेशन फाइल करने को कहा था। अब सी.बी.आई. इस मामले में पार्टी बन गई है।

स्थापना दिवस

आज आकाशवाणी शिमला का स्थापना दिवस है। 1955 को आज ही के दिन आकाशवाणी शिमला की स्थापना हुई थी। करीब 70 वर्षों के इस सफर में आकाशवाणी शिमला ने अपने श्रोताओं के लिए ज्ञानवर्धक व मनोरंजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए हैं। इनमें हिमाचली संस्कृति से जुड़े अनेक कार्यकम, महिला सशक्तिकरण, खेल जगत, किसान–बागवान और समाचार के अलावा सरकार की विभिन्न योजनाओं से जुड़े कई कार्यकम शामिल है जो हर वर्ग को त्वरित सूचना देने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

अग्निवीर परीक्षा

सेना भर्ती कार्यालय द्वारा अग्निवीर पदों के लिए ऑनलाईन सामान्य प्रवेश परीक्षा 30 जून से दस जुलाई तक आयोजित की जाएगी। भर्ती निदेशक कर्नल डी.एस. सामंत ने कहा कि सभी अभ्यार्थी निर्धारित तिथि को अपने–अपने परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले पहुंचना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को अपने साथ एडमिट कार्ड अनिवार्य रूप से

लाना होगा। उन्होंने कहा कि एडमिट कार्ड में ही परीक्षा केंद्र का नाम, स्थान और रिपोर्टिंग समय अंकित होगा। उन्होंने कहा कि एडमिट कार्ड भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।

डी.सी किन्नौर

15 से 30 जून तक मनाए जा रहे जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज उपायुक्त किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने रिकांगपिओ से इस अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि ये अभियान जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत पहुंचाना है। इस अभियान के तहत विभिन्न सरकारी योजनाओं में जनजातीय नागरिकों को शामिल किया जाएगा। इन योजनाओं में आधारनामांकन, आयुष्मान भारत, पीएम–किसान, जनधन योजना शामिल है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत किन्नौर में विभिन्न विभागों द्वारा विशेष शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से जन कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

पर्यटन सीज़न

प्रदेश के पर्यटक स्थल इन दिनों सैलानियों से गुलजार हैं। मैदानी इलाकों में पड़ रही भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का रूख कर रहे हैं। शिमला, कुफरी, नारकंडा के अलावा धर्मशाला, कसौली, चायल सहित विभिन्न पर्यटक स्थलों में पर्यटकों का तांता लगा हुआ है। हमारे कुल्लू जिला संवाददाता ने बताया कि जिले के सभी पर्यटन स्थलों में भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं।

*मैदानी इलाकों में गर्मी पड़ने के साथ ही पर्यटकों ने पहाड़ी क्षेत्रो का रूख करना शरू किया है तथा पर्यटन नगरी मनाली सहित कुल्लू जिला के बंजार, मनीकर्ण व् अन्य स्थानों में इन दिनों सैलानियों का तांता लगा हुआ है। मनाली के सभी प्रसिद्ध पर्यटक स्थल हडिंबा मंदिर, अटल टनल रोहतांग, सोलंगनाला, रोहतांग पास पर पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। मनाली आने वाला पर्यटक रोहतांग जरूर घूमने जाता है क्योंकि वहां पर अभी भी बर्फ के ढेर देखे जा सकते है और पर्यटक बर्फ पर जम कर मस्ती कर रहे है।*

———————————————————————————————————————————
———————————————————————————————————————————
—————————